BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: Hari Bhoomi

Date: 01/06/2025 Page: 11 Column: 02

Subject: बीएमयू के छात्रों ने शहीद रविंद्र कुमार स्कूल में लगाया स्वास्थ्य जाँच कैंप



रोहतक। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के लिए बच्चों को रवाना करते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. एचएल वर्मा। फोटो: हरिभूमि

बीएमयू के छात्रों ने शहीद रविंद्र कुमार स्कूल में लगाया स्वास्थ्य जांच कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय द्वारा बिजनेस मैनेजमेंट क्लब और कंप्यूटर साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहीद रविंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहतक में एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के किशोर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संतुलित एवं सक्रिय जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने विश्वविद्यालय के छात्रों को रवाना करने से पहले उनको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने और मानसिक रूप से सशक्त बनने की सलाह दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यदि युवा अभीं से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे, तभी वे भविष्य में देश के सशक्त नागरिक बन पाएंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. ज्योति ने स्वास्थ्य जागरूकता और घरेलू उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को नींद, हाइड्रेशन और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया। डॉ. तिलक राज ने मानसिक तनाव, एकाग्रता की कमी, भावनात्मक संतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की, जिससे किशोर छात्रों को अपनी पढ़ाई और जीवन में संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में बिजनेस मैनेजमेंट क्लब की अध्यक्ष मिस ज्योति का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पूरे आयोजन का समन्वय किया और विद्यार्थियों को भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

बीमारियों से बचाव बताए

डॉ. गौरव दलाल ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव, नियमित व्यायाम, योग एवं ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर वे कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। डॉ. सुमन पहल ने संतुलित आहार और पोषण की भूमिका पर विस्तार से युवाओं को जंक फूड से दूर रहने और ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें और दूध का सेवन करने की सलाह दी।